## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदेश में आचार संहिता समाप्त

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 सफलतापूर्वक संपन्न हो गए हैं। चुनावों के नतीजे आने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता समाप्त कर दी है। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने आदेश भी जारी किया है। आदेश में बताया गया है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी 2025 को नगरपालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव 2025 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया था. इसके तहत 15 फरवरी 2025 को नगरीय निकाय चुनावों के परिणामों की घोषणा के बाद नगरीय क्षेत्रों में लागू आचार संहिता समाप्त कर दी गई थी. वहीं आज 25 फरवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के परिणामों की घोषणा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी आचार संहिता समाप्त कर दी गई है। नगरपालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव एक साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए हैं. इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रदेश के नगरीय निकायों एवं पंचायतों के सभी मतदाताओं, जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।

### लाखों के ईनामी 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** सुरक्षाबलों के लगातार दबाव के साथ जिले में चलाये जा रहे नियद नेल्ला नार योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों और संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक कलह की वजह से नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं. इस कड़ी में कुल 23 लाख रुपए के ईनामी 4 माओवादी सहित कुल 9 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया.आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में पीएलजीए बटालियन क्षेत्र में सक्रिय रूप से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन में कार्यरत 8 लाख रुपए के ईनामी पार्टी सदस्य एओबी डिवीजन में कार्यरत 5 लाख के ईनामी एसीएम, जगरगुण्डा एरिया कमेटी एवं दक्षिण सब जोनल ब्यूरो में कार्यरत 5 लाख रुपए के ईनामी 2 एसीएम शामिल हैं. आत्मसमर्पित माओवादियों ने कहा कि वे समाज के मुख्यधारा में जुडक़र स्वच्छंद रूप से पारिवारिक जीवन जीना चाहते है.

### चलती ट्रक में लगी आग, चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई अपनी जान

**बलरामपुर-रायपुर (आरएनएस)।** बलरामपुर जिले के कुसमी राजपुर मार्ग के चिरई घाट पर चलती ट्रक में आग लग गई. वाहन से कूदकर चालक और परिचालक ने अपनी जान बचाई. हाइवा गिट्टी से लोडेड थी. आग लगने से वाहन के आगे का हिस्सा जलकर खाक हो गया. जानकारी के मुताबिक, गिट्टी लेकर आ रही हाइवा में चिरई घाट पर अचनाक आग लग गई. फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. हादसे के बाद सडक़ के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया है. सूचना के बाद शंकरगढ़ पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है.

### नशीली टेबलेट बेच रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

### चार टीआई के साथ कई पुलिसकर्मियों का हुआ ट्रांसफर

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक ने चार टीआई सहित एक एसआई व अन्य पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण कर दिया है। निरीक्षक अरुण साहू को कुरुद से मगरलोड, राजेश जगत को मगरलोड से कोरेगांव, लेखराम ठाकुर को भखारा से सिहावा, चंद्रकांत साहू को बिरेझर से कुरुद भेजा गया है। वहीं एसआई उमाकांत तिवारी को सिहावा से भखारा तथा एएसआई प्रदीप सिंह को कोरेगांव से बिरेझर पदस्थ किया गया है। इसके अलावा एएसआई विरेंद्र बैस को धमतरी से समंस शाखा, टीकाराम को समंस शाखा से लाइन, जामवंत देखमुख को लाइन से थाना धमतरी के अलावा 6 आरक्षकों को नवीन पदस्थापना दी गई है।

# निर्वाचन कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात अब विभागीय योजनाओं को दें गति: कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- जनसमस्या निवारण के लंबित आवेदनों पर हो त्वरित कार्रवाई
- शहर के अलग-अलग स्थानों से मेडिकल कॉलेज तक ऑटो किराया तय करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर गोयल ने ली समय सीमा की बैठक





**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात अब विभागीय योजनाओं की प्रगति पर काम करें। कलेक्टर गोयल ने बैठक में विभागीय काम-काज की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर गोयल ने आयुष्मान योजना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना और वय वंदन योजना अंतर्गत हितग्राहियों के कार्ड निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य अमले से कहा कि योजना में अब प्रगति दिखनी चाहिए। इसी के साथ ही उन्होंने श्रम विभाग के अंतर्गत श्रमिकों के भी आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए सहायक श्रमायुक्त के साथ समन्वय के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने जल जीवन मिशन के तहत ओवर हेड टैंक निर्माण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने टंकियों के निर्माण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने मॉडल मंडी निर्माण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से सारे काम हों। उन्होंने निर्माण एजेंसी के साथ एसडीएम रायगढ़ को निर्माण स्थल का निरीक्षण कर नियमित रूप से जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने इसके साथ ही सभी निर्माण कार्यों में तेजी बरकरार रखने और गुणवत्ता की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत विश्वकर्मा योजना में हितग्राही चयन और सत्यापन के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर गोयल ने सहकारी समिति अंतर्गत खोले जाने वाले दवा दुकान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर को सभी आवश्यक कार्यवाही समय से पूरी करवाने के निर्देश दिए। बिना तारपोलिन ढकें औद्योगिक रॉ-मटेरियल के परिवहन और ओवरलोडिंग की लगातार सघन जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश उन्होंने दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर रवि राही, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**लंबित आवेदनों के निराकरण पर हो फोकस-** कलेक्टर गोयल ने सीएम जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के लंबित आवेदनों के बारे में विभागवार निराकरण के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने कहा कि सभी अधिकारी आवेदनों पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि आगामी बैठकों में नियमित रूप से सभी जनसमस्या निवारण प्लेटफॉम्र्स पर प्राप्त आवेदनों की पेंडेंसी की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी अपने विभाग से जुड़े मामलों को देखे और उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें।

**शहर के अलग-अलग स्थानों से मेडिकल कॉलेज आवागमन के लिए ऑटो किराया करें तय-** कलेक्टर गोयल ने बैठक में जिला परिवहन अधिकारी से कहा कि शहर के विभिन्न हिस्सों से मेडिकल कॉलेज तक आने-जाने के लिए ऑटो किराया तय करें। जिससे शहर के अलग-अलग हिस्सों से लोगों को मेडिकल कॉलेज तक आने-जाने में सुविधा हो।

## रायगढ़ जिला जेल में महाकुंभ, कैदियों ने जेल में किया गंगा स्नान, लगाई डुबकी

**रायगढ़**





जिला जेल रायगढ़ में आज सवेरे प्रयागराज महाकुंभ से मंगाये गये गंगा जल से कैदियों ने सामूहिक स्नान किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जेल में बंद कैदियों ने पहली बार आध्यात्मिक स्नान का लाभ लिया। जिला जेल रायगढ़ में निरुद्ध 650 से अधिक कैदियों ने गंगा स्नान किया।

महाकुंभ स्नान को लेकर जेल प्रशासन ने पहले से तैयारियां कर रखी थीं। प्रयागराज से विशेष रूप से गंगा जल मंगवाया गया था। जेल अधीक्षक एस.शोभा रानी ने बताया कि जेल परिसर में महाकुंभ स्नान कुंड बनाया गया था। इसके लिए कुंड को चारों तरफ से रंग-रोगन कर सजावट की गई थी। किसी ने लोटे से स्नान किया तो कईयों ने टंकी में डुबकी लगाई। राज्य शासन की इस पहल से कैदियों को मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त होगी।

## 14 उद्योगों पर 10.51 लाख रुपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित

- बिना तारपोलिन से ढके, कच्चे माल, उत्पाद एवं अपशिष्ट परिवहन का मामला

**रायगढ़**





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों के द्वारा नियमों के पालन की जांच हेतु संयुक्त जांच दल गठित की गई है जिनके माध्यम से लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस संयुक्त दल द्वारा जांच करने पर विभिन्न वाहनों पर परिवहन नियमों के उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए 14 उद्योगों पर 10 लाख 51 हजार 850 रूपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है।

क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू ने बताया कि कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों का उपयुक्त प्रकार से कव्हर्ड किये जाने बाबत् स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर पालन की जांच करने हेतु गठित जिला स्तरीय जांच कमेटी द्वारा 15 से 21 फरवरी 2025 को रायगढ़ के चन्द्रपुर, कोडातराई, हमीरपुर, ढिमरापुर, तमनार, घरघोड़ा, पलगढ़ा सहित विभिन्न स्थानों पर परिवहनकर्ता वाहनों की सघन जांच की गई। पर्यावरण विभाग रायगढ़ द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन द्वारा परिवहन करने, ट्रॉली में 05 से.मी. फ्री बोर्ड स्पेस नहीं होने, संबंधित नोडल का नाम वाहन पर नहीं होने एवं समुचित रूप से तारपोलिन से ढके बिना, कच्चे माल/उत्पाद/अपशिष्ट परिवहन करने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की जारी की 19 वीं किस्त

- कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ में किसानों ने देखा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**रायगढ़**



बिहार के भागलपुर से 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी कर दी है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग रायगढ़ में आयोजित हुआ। जहां किसानों ने कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा। इस दौरान रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के प्रगतिशील कृषक एवं कृषक महिलाएं उपस्थित रही

पीएम किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य भारत के किसानों को आर्थिक सहायता देना है, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सके और उन्हें अपनी खेती करने में मदद मिले। इस योजना के तहत पात्र किसानों को हर साल 6,000 की रकम तीन किस्त में दी जाती है। ये पैसा उनको उनके बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किया जाता है। इसका मूल उद्देश्य किसान को उनके खर्चों में मदद देना, उनकी उपज में सुधार लाना, और उन्हें अपने जीवन यापन में आर्थिक सुधार देना है। ये योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 2019 में शुरू हो गई थी और इसका लक्ष्य है कि किसानों को वित्तीय सहायता मिले, खास कर उन्हें, जो जमीन के मालिक नहीं होते या जो छोटे और मध्यम किसान होते हैं।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का हस्तांतरण के तहत आयोजित कार्यक्रम में कृषकों के लिए विभिन्न कृषि संबंधी गतिविधियाँ और तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। खासतौर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा विभिन्न प्रदर्शनी इकाइयों का भ्रमण कराकर किसानों को नवीनतम कृषि विधियों और उन्नत तकनीकों से परिचित कराया गया। इसमें मशरूम उत्पादन, डेयरी, मुर्गी पालन, केचुआ खाद, मछली पालन, और मसाला फसलों जैसे धनिया, हल्दी और अदरक की वैज्ञानिक खेती का विस्तृत प्रदर्शन किया गया। डॉ.बी.एस. राजपूत ने इन इकाइयों के बारे में किसानों को जानकारी दी, जिससे उन्हें खेती के नए और उन्नत तरीकों के बारे में समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में किसानों ने इन प्रदर्शनों की सराहना की और इसे फायदेमंद बताया। ऐसे कार्यक्रम किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराते हैं, जिससे वे अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि कर सकते हैं और लाभकारी तरीके से खेती कर सकते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार श्रृंगी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रायगढ के द्वारा अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय कृषि योजनाओं का कृषक ज्यादा से ज्यादा लाभ ले कर भारत को विकसित राष्ट्र बनानें में योगदान देने का आहवान किया। सुभाष सोनी, सहायक संचालक, कृषि एवं जैव प्रौद्यगिकी विभाग, रायगढ़ द्वारा विभागीय योजना के बारे में बताये एवं कृषि के नई तकनीक को अपनाने हेतु सलाह दिए। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ.के.के.पैकरा,डॉ. के.डी.महंत,डॉ. सी.पी.एस.सोलंकी, डॉ.के. एल.पटेल, आशुतोष सिंह एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय: कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 2 मार्च को

**रायगढ़**




राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान द्वारा संचालित रायगढ़ जिले में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों हेतु छठवीं कक्षा में प्रवेश सत्र 2025-26 के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 2 मार्च 2025 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले के 6 केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे-मुड़पार विकासखण्ड खरसिया, पीएम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर विकासखण्ड घरघोड़ा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिसरिंगा विकासखण्ड धरमजयगढ़, उर्सुलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल धरमजयगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय धरमजयगढ़ में किया जाएगा। जिसमें कुल 2072 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

परीक्षा के लिए जिला नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा एवं तहसीलदार को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। परीक्षा केन्द्रों में सुव्यवस्थित आयोजन सहायक आयुक्त आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में संबंधी वांछित समस्त प्रायोजनों की तैयारी की गई है एवं परीक्षा के सुचारू संचालन की संपूर्ण व्यवस्था हेतु प्राचार्यो को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## साप्ताहिक जनदर्शन में एडीएम जांगड़े ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रायगढ़**







कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में एडीएम संतन देवी जांगड़े ने साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में जिले भर के लोग अपनी विभिन्न मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में रायगढ़ के ढिमरापुर दीनदयाल कॉलोनी निवासी गोवर्धन पटेल अपनी पुत्री की फीस माफ करने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी तीन संतान है एवं तीनों कार्मेल कान्वेंट स्कूल इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्यनरत हैं। वे सामान्य परिवार से आते हैं तथा पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण वर्तमान में आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कक्षा सातवीं में अध्यनरत अपनी पुत्री की फीस माफ करने का निवेदन किया। जिस पर एडीएम संतन देवी जांगड़े ने डीईओ को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 46 उर्दना, कृष्णापुर के वार्ड वासियों ने वार्ड के स्कूल में बाउंड्री वॉल, सीसी सड़क जैसे विभिन्न मागों को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कृष्णापुर, कलगामुड़ा, उर्दना स्कूल में बाउंड्री वॉल, विभिन्न स्थानों में सीसी रोड़, नाली की मांग की। एडीएम संतन देवी ने आवेदन के निराकरण के संबंध में ईई पीडब्लूडी को निर्देशित किया।

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एएनएम आज अपने लंबित वेतन की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि संविदा के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ हैं एवं उन्हें अप्रैल 2024 से वेतन भुगतान नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो चुकी है। जिससे विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अपने लंबित वेतन भुगतान की मांग की, एडीएम संतन देवी ने आवेदन के जांच एवं निराकरण के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। विकासखंड पुसौर के ग्राम एकताल निवासी सुभाषिनी झारा अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उनके पति तेलंगाना स्थित ईंट भट्ठी में काम करने के लिए गए हुए थे, जहां उनकी हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि तेलंगाना में मृत्यु होने के कारण जिले में उनकी उनका मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। उन्होंने निवेदन किया कि उनके पति की मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर प्रदान किया जाए। एडीएम संतन देवी ने जनपद सीईओ को आवेदन की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार रायगढ़ के कयाघाट निवासी कौशल कुमार निवासी एपीएल राशन कार्ड निरस्त कर बीपीएल कार्ड जारी करने के संबंध आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग है एवं उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने से जीवन-यापन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने एपीएल कार्ड निरस्त कर बीपीएल कार्ड जारी करने का निवेदन किया। एडीएम संतन देवी ने खाद्य विभाग को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480